# त्रयोदशः संस्कृतनाट्यमहोत्सवः

## ( अन्तःपरिसरीयसंस्कृतनाट्यस्पर्धा )

फाल्गुनकृष्णद्वितीयातः फाल्गुनकृष्णचतुर्थीपर्यन्तम्

२४.०२.२०१६ – २६.०२.२०१६




**राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्**

( भारतशासन-मानवसंसाधनविकासमन्त्रालयाधीनः,
राष्ट्रियमूल्याङ्कन-प्रत्यायनपरिषदा 'ए'-श्रेण्या प्रत्यायितः मानितविश्वविद्यालयः )

56-57, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी, नवदेहली-110058

E-PABX : 011-28524993, 28521994
website : www.sanskrit.nic.in
email : rsks@nda.vsnl.net.in

# कार्यक्रमाः

### २४.०२.२०१५ ( बुधवासरः )

| | | |
|---|---|---|
| उद्घाटनसमारोहः | | पूर्वाह्णे १०.०० वादने |
| पूर्वरङ्गः | | मध्याह्ने १२.०० वादने |
| ❍ लटकमेलकम् | श्रीरणवीरपरिसरः, जम्मू | अपराह्णे २.०० तः ३.०० वादनं यावत् |
| ❍ वञ्चकपञ्चकम् | एकलव्यपरिसरः, अगरतला | अपराह्णे ३.३० तः ४.३० वादनं यावत् |
| ❍ कुहनाभैक्षवम् | श्रीवेदव्यासपरिसरः, बलाहरः | सायं ५.०० तः ६.०० वादनं यावत् |

### २५.०२.२०१६ ( गुरुवासरः )

| | | |
|---|---|---|
| ❍ मृदङ्गदासप्रहसनम् | श्रीगङ्गानाथझापरिसरः, इलाहाबाद | प्रातः ११.०० तः १२.०० वादनं यावत् |
| ❍ स्नुषाविजयम् | लखनऊपरिसरः, लखनऊ | मध्याह्ने १२.३० तः १.३० वादनं यावत् |
| ❍ हास्यार्णवप्रहसनम् | श्रीसदाशिवपरिसरः, पुरी | अपराह्णे २.३० तः ३.३० वादनं यावत् |
| ❍ पलाण्डुमण्डनम् | जयपुरपरिसरः, जयपुरम् | अपराह्णे ४.०० तः ५.०० वादनं यावत् |
| ❍ मत्तविलासः | गुरुवायूरपरिसरः, गुरुवायूर | अपराह्णे ५.३० तः ६.३० वादनं यावत् |

### २६.०२.२०१६ ( शुक्रवासरः )

| | | |
|---|---|---|
| ❍ विवाहविडम्बनम् | मुम्बईपरिसरः, मुम्बई | अपराह्णे ११.०० तः १२.०० वादनं यावत् |
| ❍ हास्यचूडामणिः | भोपालपरिसरः, भोपालम् | प्रातः १२.३० तः १.३० वादनं यावत् |
| ❍ भगवदज्जुकीयम् | श्रीराजीवगान्धीपरिसरः, शृङ्गेरी | मध्याह्ने २.३० तः ३.३० वादनं यावत् |
| सम्पूर्तिसमारोहः | | सायं ५.०० वादनतः |

# राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्

( भारतशासन-मानवसंसाधनविकासमन्त्रालयाधीनः,
राष्ट्रियमूल्याङ्कन-प्रत्यायनपरिषदा 'ए'-श्रेण्या प्रत्यायितः मानितविश्वविद्यालयः )

# त्रयोदशः संस्कृतनाट्यमहोत्सवः

## ( अन्तःपरिसरीयसंस्कृतनाट्यस्पर्धा )

**आमन्त्रणम्**

सहर्षं निवेद्यते यत् राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानेन २४.०२.२०१६ दिनाङ्कतः २६.०२.२०१६ दिनाङ्कं यावत् नवदेहल्यां स्वीयपरिसरीयच्छात्राणां नाट्यस्पर्धाभूतः संस्कृतनाट्यमहोत्सवः समायोक्ष्यते। महोत्सवेऽस्मिन् तत्रभवन्तः तत्रभवत्यश्च सादरं समाहूयन्ते।

कार्यक्रमस्थलम्

**राधाकृष्णन्-सभागारः, केन्द्रीय-विद्यालयः, क्रमाङ्कः-२,
ए.पी.एस. कालोनी, दिल्ली कैन्ट, नवदेहली-११००१०**

दिनाङ्कः

**२४.०२.२०१६ दिनाङ्कतः २६.०२.२०१६ दिनाङ्कं यावत्**

**निवेदकौ**

**प्रो. एस. सुब्रह्मण्य शर्मा**
कुलसचिवः (प्र.)
रा.सं.सं., जनकपुरी, नवदेहली-११००५८
०११-२८५२०९७९

**प्रो. रमाकान्तपाण्डेयः**
संयोजकः
रा.सं.सं., जनकपुरी, नवदेहली-११००५८
०११-२८५२३६११

## राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्

## श्रीरणवीरपरिसरः, जम्मू (जम्मू-कश्मीरम्)



द्वादशसंस्कृतनाट्यमहोत्सवे मञ्चितस्य बालरामायणस्य (4-7 अङ्कानां) दृश्यम्

# लटकमेलकम्

लटकमेलकं हि कविवर-शङ्खधर-विरचितम् अतीव लोकप्रियं प्रहसनम्। लटकानाम् (धूर्तानाम्), मेलकम् (सम्मेलनम्) इति लटकमेलकम्। अस्य रचनाकालः द्वादशशताब्दी-पूर्वार्धः इति।

दन्तुरा-नामक-कुट्टनी मदनमञ्जरीनामक-वेश्यायाः परिचारिका वर्तते। तस्या गृहमेव धूर्त्तमण्डलीकृत्यस्थलं भवति। आदौ एव दन्तुरा विविध-धूर्तानां परिचयोल्लेखं करोति। तथा हि- तपस्वी अज्ञानराशिः, दिगम्बरसाधुः जटासुरः, महामहोपाध्यायः सभासलिः, दार्शनिकः फुङ्कटमिश्रः, महावैद्यो जन्तुकेतुः, ब्रह्मचारी कुलव्याधिः, बौद्धभिक्षुः व्यसनाकरः, नीरसपण्डितो मिथ्याशुक्लः, निष्फलप्रेमी सङ्ग्रामविसरश्चेत्यादयः अनुपमसौन्दर्यस्वामिन्या मदनमञ्जर्याः प्रणयलोलुपा विविधा लम्पटाः तत्र प्रायेण उपस्थिता भवन्ति।

मदनमञ्जरी गल-नाल-लग्नं मत्स्य-कण्टकं निष्कासयितुं महावैद्यम्मन्यो जन्तुकेतुः आगच्छति। तस्य हास्यास्पदं कृत्यम् अवलोक्य उच्चैर्हसन्त्या मदनमञ्जर्या गलनालाद् मत्स्य-कण्टकं स्वयमेव बहिरागच्छति। जन्तुकेतोः एतद् अद्भुतचिकित्साकौशलं सर्वे प्रशंसन्ति। स च मूर्खो गर्वप्रफुल्लितो भवति।

द्वितीयोऽङ्को दन्तुरा-परिणय-नामा भवति। स्वधर्मपत्नी-परिपीडितः सभासलिः मदनमञ्जरी-सङ्गमोपाय-चिन्तनपरायणो वर्तते। अपरतो दिगम्बरो जटासुरोऽपि स्वकामसन्तृप्तये मदनमञ्जरीशरणम् अभिलषति। परन्तु सभासलिः चातुर्येण दन्तुरया सह कामातुरस्य दिगम्बरजटासुरस्य परिणयं सम्पादयति।

## राष्ट्रिय-संस्कृत-संस्थानम्

## श्री रणवीर परिसर, जम्मू (जम्मू काश्मीर)



द्वादश संस्कृत नाट्य महोत्सव में मञ्चित बालरामायण (4-7 अङ्क) का एक दृश्य

# लटकमेलक

लटकमेलक कविवर शंखधर विरचित अत्यन्त लोकप्रिय प्रहसन है। लटकमेलक शब्द का अर्थ है–धूर्तों का सम्मेलन। इस प्रहसन का रचनाकाल बारहवीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध है।

दन्तुरा नामक कुट्टिनी मदनमञ्जरी नामक वेश्या की परिचारिका है। उसके घर में धूर्तों की मण्डली का प्रायः आना-जाना लगा रहता है। प्रहसन के आरम्भ में ही दन्तुरा विभिन्न धूर्तों का परिचय दे देती है। जैसे-तपस्वी अज्ञानराशि, दिगम्बर साधु जटासुर, महामहोपाध्याय सभासलि, दार्शनिक फुंकटमिश्र, महावैद्य जन्तुकेतु इत्यादि। अनुपमसौन्दर्य की स्वामिनी मदनमञ्जरी के प्रणय के लालच से वहाँ अनेक लम्पट जन आते रहते हैं।

मदनमञ्जरी के गले में फंसे हुये मछली के काँटे को निकालने के लिये अपने आपको महावैद्य मानने वाला जन्तुकेतु वहाँ आता है। उसके हास्यास्पद कृत्यों को देखकर जोर से हँसने के कारण मदनमञ्जरी के गले से मछली का काँटा स्वयं ही बाहर निकल आता है।

अपनी वैद्यविद्या से गर्वित जन्तुकेतु दन्तुरा को भी नेत्ररोग की दवाई बतलाता है। तत्पश्चात् सभासलि, कुलव्याधि, अज्ञानराशि और मिथ्याराशि की ऊट-पटाँग कामुक परिचर्चाओं के साथ लज्जा-विक्रय नामक प्रथम अङ्क समाप्त होता है।

द्वितीय अङ्क का नाम दन्तुरा-परिणय है। अपनी धर्मपत्नी से परेशान सभासलि किसी प्रकार भी मदनमञ्जरी से अपने संगम का उपाय सोचने लगता है। दूसरी ओर दिगम्बर जटासुर भी अपनी काम-पिपासा शान्त करने के लिये मदनमञ्जरी को अपने प्रेमजाल में फाँसने की ताक में रहता है। परन्तु सभासलि बड़ी चतुराई से कामातुर दिगम्बर जटासुर का दन्तुरा के साथ विवाह करा देता है।

# राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्

## एकलव्यपरिसरः, अगरतला (त्रिपुरा)



द्वादशसंस्कृतनाट्यमहोत्सवे मञ्चितस्य महावीरचरितस्य (5-7 अङ्कानां) दृश्यम्

## वञ्चकपञ्चकम्

प्रो. जी.एस.आर. कृष्णमूर्त्तिप्रणीतमिदं 'वञ्चकपञ्चकम्' इति प्रहसनम्। प्रहसनारम्भे दिगम्बरनामकः कपटी क्षपणकः धावित्वा मञ्चे प्रविशति। सः संग्रामसिंहनामकं कञ्चित् पाचकम् अन्विषति, येन खलु पाचकेन तस्य अजी चोरिता। संग्रामसिंहः तस्मात् भीतः समीपस्थे एकस्मिन् गृहे आत्मानं गोपयितुं प्रविशति। द्वारि खटखट इति रवं श्रुत्वा दन्तुरा नाम वृद्धा तत्र आगच्छति। सा तस्य भयकारणं ज्ञात्वा तं कुक्कुटाणां पेटिकायां गोपयति। तस्मिन्नेव काले संग्रामसिंहम् अन्विषन् दिगम्बरः द्वारि रवं करोति। द्वारम् अनुद्घाटितमेव भवति। अनन्तरं स यथैव तत्त्रोटयितुं तीव्रतया धावित्वा प्रवेष्टुम् इच्छति, तथैव दन्तुरा द्वारमुद्घाटयति, येन स तस्या उपरि पतति। दिगम्बरः संग्रामसिंहं तस्याः गृहे अन्विषति, परन्तु सः असफलो जायते। यथैव सः गन्तुं सिद्धो भवति, तदैव तत्र अन्तरितो संग्रामसिंहः छीक्कां करोति। तदा दिगम्बरः तं गृह्णाति। ततः द्वयोः युद्धो भवति। तदानीमेव तत्र कौलेयको नाम एको न्यायाधीशः समायाति, यः खलु तौ युद्धे रतौ दृष्ट्वा न्यायं कर्तुं प्रयतते।

द्वितीयस्य अङ्कस्यारम्भे मञ्जर्याः प्रतीक्षायां कौलेयको दृश्यते। तदानीमेव नृत्यन्ती मञ्जरी तत्र समायाति। सा हि स्वाम् अनुसरन्तीं दन्तुरां परित्यक्तुम् इच्छति। तस्या विवाहः दिगम्बरेण सह निर्णीतः इति कथयित्वा कौलेयकः मञ्जर्या सह प्रयाति। तदानीमेव कुक्कुटभूषणो नाम ब्राह्मणस्तत्र आगत्य स्वीयं मूर्खतापूर्णं वैदुष्यं प्रदर्शयति।

इत्येवमत्र पञ्च वञ्चकानां मूर्खतापूर्णो हास्यसमन्वितश्च व्यवहारः प्रदर्शितो भवति।

# राष्ट्रिय-संस्कृत-संस्थानम्

## एकलव्य परिसर, अगरतला ( त्रिपुरा )



द्वादश संस्कृत नाट्य महोत्सव में मञ्चित महावीरचरित (5-7 अङ्क) का एक दृश्य

## वञ्चकपञ्चक

'वञ्चक-पञ्चकम्' नामक यह प्रहसन प्रो. जी. एस.आर. कृष्णमूर्ति द्वारा रचित है। प्रहसन के आरम्भ में दिगम्बर नामक एक कपटी क्षपणक भागता हुआ मञ्च पर प्रवेश करता है। वह संग्रामसिंह नामक किसी पाचक को ढूँढ़ रहा है, जिसने उसकी बकरी चुराई है। संग्रामसिंह उससे डरकर पास में स्थित एक घर में छिपने के लिए जाता है। दरवाजे पर खटखटाहट की आवाज सुनकर दन्तुरा नाम की एक बूढ़ी आती है। वह उसके डर की वजह जानकर उसे मुर्गों के एक बक्से में छिपा देती है। उसी समय संग्रामसिंह को ढूँढता हुआ दिगम्बर दरवाजा खटखटाता है। दरवाजा नहीं खुलने पर वह जैसे ही उसे तोड़ने के लिए तेजी से आता है, वैसे ही दन्तुरा दरवाजा खोल देती है, जिससे वह उस पर गिर जाता है। दिगम्बर संग्रामसिंह को उसके घर में ढूँढ़ता है, पर वह असफल रहता है। जैसे ही वह जाना चाहता है, उसी समय छिपा हुआ संग्रामसिंह छींकता है। तब दिगम्बर उसे पकड़ लेता है। फिर दोनों में लड़ाई होती है। तभी वहाँ कौलेयक नाम का एक न्यायाधीश पहुँचता है, जो उन दोनों को लड़ते हुए देखकर न्याय करने का प्रयास करता है।

द्वितीय अंक के आरम्भ में मञ्जरी की प्रतीक्षा करता हुआ कौलेयक दिखाई देता है। उसी समय नृत्य करती हुई मञ्जरी आती है। वह अपने पीछे पड़ी हुई दन्तुरा से मुक्त होना चाहती है। कौलेयक उसका दिगम्बर के साथ विवाह का निर्णय हुआ है, ऐसा बताकर मञ्जरी के साथ वहाँ से चला जाता है। उसी समय कुक्कुटभूषण नाम का एक ब्राह्मण आकर अपना मूर्खतापूर्ण वैदुष्य दिखाता है।

इस प्रकार इस प्रहसन में पाँच वञ्चकों का मूर्खतापूर्ण और हास्यमय व्यवहार प्रदर्शित होता है।

## राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्
## श्रीवेदव्यासपरिसरः, बलाहरः ( हिमाचलप्रदेशः )



द्वादशसंस्कृतनाट्यमहोत्सवे मञ्चितस्य बालरामायणस्य (1-3 अङ्कानां) दृश्यम्

# कुहनाभैक्षवम्

तिरुमलनाथप्रणीते कुहनाभैक्षवे नान्द्यनन्तरं नटी सूत्रधारं पृच्छति यत्–"आर्य! सम्प्रति किं करणीयम्"?

सूत्रधारः कथयति यत् "तिरुमलनाथकृतं कुहनाभैक्षवं नाम प्रहसनम् अभिनेतव्यम्" इति।

प्रस्तावनानन्तरं चन्द्रलेखेव चन्द्ररेखायां गणिकायाम् आसक्तं भिक्षुं निवारयितुं शङ्करकौशिकी छद्मवैष्णवी भूत्वा भिक्षुशिष्याय दामोदराय निवेदयति। चन्द्ररेखायां गुर्वासक्तिमपहर्तुं दामोदरः शङ्करकौशिकीं ब्रवीति यत्–''उपायेन केनापि चन्द्ररेखायामासक्तः अहमदखानो यदि इमं वृत्तान्तम् अवागमिष्यत् तर्हि भयाद् गुरोः कामज्वरोऽपागमिष्यत्''। किन्तु अहमदखानाय निवेदितुं न कोऽपि शशाक। अतः स्वयं गुरुं शिक्षयितुं शङ्करकौशिकी हिम्मीरखानस्य वेषं धृत्वा गुरुं समया गच्छति युद्धं च करोति, किन्तु पराजिता भूत्वा ततः पलायनं करोति। तत्रैवोद्याने आगतायां सत्यां चन्द्ररेखायां गुरुः पादपान्तर्हितो भूत्वा चन्द्ररेखारूपं पिबति। तन्मध्य एव मधुमक्षिकाः तं दंशन्ति।

पुनः चन्द्ररेखया साकं गुरोः समागमनेच्छया गोविन्दो गुरुं नयति। किन्तु चन्द्ररेखाया गृहद्वारे उपविष्टम् अहमदखानं विलोक्य उभावपि जडीभूतौ। अतः सम्मेलनकालं परिवर्त्य सायङ्काले उभौ चन्द्ररेखागृहं व्रजतः। तत्र हालापानमत्तस्य अहमदखानस्य पुरो माधविकावेषधरो गोविन्दो गच्छति, तत्पृष्ठान्तर्हितश्च गुरुश्चन्द्ररेखाया गृहं प्रविशति।

एवं सुखान्तकस्य रूपकस्यास्य सम्पूर्तिः भरतवाक्येन भवति।

## राष्ट्रिय-संस्कृत-संस्थानम्

## श्री वेदव्यास परिसर, बलाहर (हिमाचल प्रदेश)



द्वादश संस्कृत नाट्य महोत्सव में मञ्चित बालरामायण (1-3 अङ्क) का एक दृश्य

# कुहनाभैक्षव

तिरुमलनाथ विरचित 'कुहनाभैक्षवम्' में नान्दी के अनन्तर नटी प्रवेश कर सूत्रधार से पूछती है कि "आर्य! इस समय क्या अभीष्ट है।"

सूत्रधार कहता है कि "इस समय तिरुमलनाथ कृत कुहनाभैक्षवम् नामक प्रहसन का मञ्चन करना है।"

प्रस्तावना के पश्चात् तुर्क राजा अहमदखान की गणिका चन्द्ररेखा में आसक्त भिक्षु को निवारित करने के लिए शङ्करकौशिकी भिक्षु के शिष्य दामोदर से निवेदन करती है। चन्द्ररेखा पर गुरु की आसक्ति समाप्त करने के लिए दामोदर और शङ्करकौशिकी चिन्तन कर यह उपाय निकालते हैं कि चन्द्ररेखा में ही आसक्त अहमदखान को यदि यह वृत्तान्त बता दिया जाय तो भिक्षु के मनमस्तिष्क से चन्द्ररेखा का कामज्वर निकल जायेगा किन्तु अहमदखान को कहने की हिम्मत किसी की नहीं हुई। अत: भिक्षु को सबक सिखाने के लिए शङ्करकौशिकी स्वयं देवोद्यान में विद्यमान भिक्षु के पास अहमदखान के सेवक हिम्मीरखान का वेष धारण कर जाती है और भिक्षु एवं उसके शिष्य के साथ नाटकीय युद्ध करती है। इसके पश्चात् भिक्षु देवोद्यान में चन्द्ररेखा की प्रतीक्षा करता है। उद्यान में चन्द्ररेखा के आ जाने पर भिक्षु उसको पेड़ों की ओट से छिपकर देखता है परन्तु तत्क्षण भिक्षु को मधुमक्खियाँ काट लेती हैं।

पुन: भिक्षु का समागम चन्द्ररेखा से कराने के लिए गोविन्द भिक्षु को लेकर चन्द्ररेखा के प्रासाद में जाता है, किन्तु प्रासाद के द्वार पर अहमदखान के सेवकों का पहरा होने के कारण दोनों रुक जाते हैं। सायंकाल हालापान से मत्त अहमदखान के सामने गोविन्द माधविका का रूप धारण कर जाता है और उसके पीछे से गुरु चुपके से चन्द्ररेखा के घर में प्रवेश कर जाता है।

सुखान्त रूपक की सम्पूर्त्ति भरतवाक्य से होती है।

## राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्

## गङ्गानाथझापरिसरः, इलाहाबाद (उत्तरप्रदेशः)



द्वादशसंस्कृतनाट्यमहोत्सवे मञ्चितस्य मुद्राराक्षसस्य (1-3 अङ्कानां) दृश्यम्

### मृदङ्गदास-प्रहसनम्

मृदङ्गदासप्रहसनम् अभिराजराजेन्द्रमिश्र-विरचितमेकं समसामयिकं प्रहसनमस्ति। अस्मिन् प्रहसने पाखण्डपरायणः कृतकसाधुः मृदङ्गदासः नगरोपकण्ठस्थिते उद्याने वितानमातत्य निवसति। तस्य प्रवञ्चनकुशलौ शिष्यौ कुम्भदासः नकुलदासश्च तन्महिमानं प्रचार्य मुग्धान् जनान् समस्या-सङ्कट-व्याधिग्रस्तान् तदन्तिकमानयन्ति, समस्यानिवारणनाटकं च विधाय धनं मुष्णन्ति।

एतस्यामेव परम्परायां कुम्भदासः एकं श्वासरोगिणं प्रवञ्च्य दूरभाषमाध्यमेन रोगं गुरवे निवेद्य मृदङ्गदाससमीपमानयति। तमवलोक्य मृदङ्गदासः तच्छिष्यो नकुलदासश्च पाखण्डसाधनां कुरुतः। तदनन्तरं मृदङ्गदासः रोगिणे सप्तदिवसात्मकमौषधं दत्वा रोगनिवारणं प्रकल्प्य तस्मै आश्वासनं ददाति। रोगिणा सह आगतः पुरुषः औषधमौल्यरूपे पञ्चशतरूप्यकाणि प्रदाय गच्छति। श्वासरोगी वृद्धः तृतीयदिवसे एव म्रियते। एतत् विज्ञाय वृद्धस्य कश्चित् सम्बधी रक्षिपुरुषः पुरुषेण सह मृदङ्गदाससमीपमायाति।

मृदङ्गदासं वृद्धमृत्युं निवेद्य स्वं च अङ्गभङ्गदासं कथयति। यदा शिष्यौ आश्वस्तौ भवतः तदैकः शिष्यः स्वगुरुमाह्वयति। गुरुरागत्य पाखण्डेन नृत्यति। द्वयोर्मध्ये वार्ता भवति। उभौ नृत्यतः। पुनः रक्षिपुरुषः वज्रमुष्टिप्रहारेण मृदङ्गदासमुखं भनक्ति। स्वकीयं रक्षिपुरुषपरिचयपत्रं च दर्शयति। तथा च मृदङ्गदासं कुम्भदासं नकुलदासं च बद्ध्वा रक्षिभिः साकं तान् कारागारं नयति।

## राष्ट्रिय-संस्कृत-संस्थानम्
## गंगानाथ झा परिसर, इलाहाबाद (उत्तर प्रदेश)



द्वादश संस्कृत नाट्य महोत्सव में मञ्चित मुद्राराक्षस (1-3 अङ्क) का एक दृश्य

# मृदंगदास प्रहसन

मृदंगदास प्रहसन अभिराज राजेन्द्रमिश्र विरचित एक समसामयिक प्रहसन है। इसमें पाखण्ड-परायण कृत्रिम साधु मृदंगदास नगर के एक उद्यान में वितान बनाकर रहता है। उसके दो ठग शिष्य नकुलदास एवं कुम्भदास उसकी महिमा का प्रचार करके समस्या, संकट एवं व्याधि से ग्रस्त लोगों को उसके पास लाते हैं। फिर वे समस्या-निवारण नाटक करके उनसे धन ले लेते हैं।

इसी प्रक्रिया में एक दिन कुम्भदास एक श्वास रोगी को ठगकर टेलीफोन से रोग को गुरु को बताकर उसके समीप लाता है। उसे देखकर मृदंगदास व उसका शिष्य नकुलदास पाखण्ड-साधना करते हैं। मृदंगदास उस रोगी को सात दिन की दवा देकर उससे पाँच सौ रुपये ठग लेता है। जाने के बाद श्वास रोगी वृद्ध तीसरे दिन मर जाता है। यह जानकर वृद्ध का कोई सम्बन्धी पुलिस सामान्य वेष में मृदंगदास के समीप आता है।

फिर वह मृदंगदास को श्वास रोगी की मृत्यु हो जाने का समाचार देता है। वह अपने को अंग-भंग-दास बतलाता है तथा नृत्य करता है। आश्वस्त शिष्य गुरु मृदंगदास को बुलाते हैं। मृदंगदास आकर पाखण्ड से नाचते हैं। दोनों के बीच बातचीत होती है और दोनों नाचते हैं। फिर अंगभंगदास (पुलिस) वज्रमुष्टि-प्रहार से मृदंगदास के मुंह को फोड़ देता है तथा अपना परिचय-पत्र दिखाता है और मृदंगदास, कुम्भदास एवं नकुलदास को बाँधकर अन्य पुलिस वालों के साथ जेल में बंद करने के लिए लेकर चला जाता है।

## राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्
## लखनऊपरिसरः, लखनऊ ( उत्तरप्रदेशः )



द्वादशसंस्कृतनाट्यमहोत्सवे मञ्चितस्य मालतीमाधवस्य (1-3 अङ्कानां) दृश्यम्

# स्नुषाविजयम्

स्नुषाविजयाख्यं रूपकं कविसुन्दरराजस्य कृतिः वर्तते। दुराशा (श्वश्रूः) स्वस्नुषां सच्चरित्रां सर्वदैव तर्जयत्येव दोषाञ्च आरोपयति, परञ्च श्वसुरः सुशीलः तां स्नुषां सुगुणां सुशीलाञ्च बहु मन्यते। स च परिवारे सामञ्जस्यं स्थापयितुं बहुधा सत्परामर्शं कथयति, किन्तु पत्न्या अवमानने सति सः उदासीनो जायते। चारुवृत्ता या दुराशायाः प्रतिवेशिनी सखी चासीत्, साऽपि स्नुषां सच्चरित्राम् एव अभिनन्दयन्ती दुराशां कैकेयीवत् कथयति। सा दुराशा पुत्रसमक्षेऽपि स्नुषां प्रति द्वेष्टि स्वपुत्रीं दुर्ललितां प्रशंसति, या श्वसुरालये पैशुन्यमाचरन्ती भर्तृगेहात् निर्वासिता।

दुश्चरित्रं पुत्रं दुर्नयमपि स्तौति, यः स्वस्यामेव प्रजावत्यां कुदृष्टिं पातयति। पुत्रः सुगुणः तु जननीं सान्त्वयत्येव। तस्य पत्नी सच्चरित्रा श्वश्रू-व्यवहारात् खिन्नमना भूत्वा पत्या सार्द्धं पृथक् स्थातुं तु वाञ्छति परञ्च तदर्थं तं नैव प्रेरयति।

सुशीलो नाम श्वसुरः दुराशाया व्यवहारेण म्लानचित्तो भूत्वा कुटुम्बे कलहनिवारणाय तां दुराशां पृथक् गृहे वासयितुं चिन्तयति। दुर्ललिता यदा एतस्य विषये ज्ञातवती साऽपि प्रभूतधनमिच्छन्ती मात्रा सह गन्तुमिच्छति। अन्ते सा दुराशा स्व पुत्र्याः कृते महद्धनं प्राप्य पुत्र्याः सह गृहं परित्यज्य पृथक्गृहे निवासं स्वीकरोति।

इत्थमत्र स्नुषायाः विजयो भवति। इदं रूपकं खलु प्रतीकात्मकं वर्तते, यस्य अवसानः वर्तमानकालीनसमाजस्य परिप्रेक्ष्ये प्रश्नचिह्नम् उपस्थापयति यत् इयं सामाजिकी दुरवस्था कियत् पर्यन्तं सफला भवितुमर्हतीति। अस्मिन् विषये सहृदयाः एव प्रमाणम्।

# राष्ट्रिय-संस्कृत-संस्थानम्
## लखनऊ परिसर, लखनऊ (उत्तर प्रदेश)



द्वादश संस्कृत नाट्य महोत्सव में मञ्चित मालतीमाधव (1-3 अङ्क) का एक दृश्य

## स्नुषाविजय

स्नुषाविजय कवि सुन्दरराज द्वारा विरचित प्रहसन है। दुराशा (सास) अपनी पुत्रवधू सच्चरित्रा में सदैव दोषान्वेषण करती रहती है, जबकि उसका पति सुशील सदैव पुत्रवधू की प्रशंसा करता है और पत्नी दुराशा को परिवार में सामञ्जस्य रखने का परामर्श देता है, किन्तु उसके न मानने पर उदासीन हो जाता है। चारुवृत्ता जो दुराशा की सखी है, वह भी पुत्रवधू सच्चरित्रा के प्रति सहानुभूति रखती है। दुराशा पुत्रवधू के द्वारा की गयी अवमानना एवम् अवहेलना की शिकायत अपने पुत्र सुगुण से करती है तथा उसे गृह से निर्वासित करने का प्रस्ताव रखती है, वहीं अपनी पुत्री दुर्ललिता, जो अपने पति एवं सास से कलह करने के कारण घर से निकाल दी गयी है, उसकी ही प्रशंसा करती है।

वह अपने दुश्चरित्र पुत्र दुर्नय की भी प्रशंसा करती है, जो अपनी भाभी पर ही कुदृष्टि रखता है। फिर पुत्र सुगुण माता को शान्त करता है। उसकी पत्नी सास के व्यवहार से दुःखी होकर पति के साथ अलग रहना चाहती है, किन्तु वह उससे इस बात का जिक्र नहीं करती।

उधर दिन-प्रतिदिन परिवार में कलह की वृद्धि होने से सुशील (ससुर) यह निर्णय लेते हैं कि दुराशा (सास) के लिए अलग गृह की व्यवस्था कर दी जाएगी, तब पुत्री दुर्ललिता कहती है कि माता के बिना मैं इस घर में नहीं रहूँगी, तो उसके भी भरण-पोषण की व्यवस्था उसकी माता के साथ कर दी जाती है किन्तु, दुराशा असन्तुष्ट होने का अभिनय करती है तथा अपनी पुत्री के आभूषण हेतु और अधिक धन प्राप्ति की इच्छा व्यक्त करती है। सुगुण (पुत्र) उसकी भी व्यवस्था कर देता है, दोनों दुराशा एवं दुर्ललिता प्रसन्न होकर नये घर की ओर प्रस्थान करती हैं।

इस प्रकार, स्नुषा की विजय होती है। यह एक प्रतीकात्मक रूपक है जिसका अन्त वर्तमानकालीन समाज के परिप्रेक्ष्य में एक प्रश्नचिह्न लगाता है कि कहाँ तक यह व्यवस्था सफल हो सकती है। इसके विषय में सहृदय ही प्रमाण है।

# राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्

## श्रीसदाशिवपरिसरः, पुरी ( उत्कलप्रदेशः )



द्वादशसंस्कृतनाट्यमहोत्सवे मञ्चितस्य महावीरचरितस्य (1-4 अङ्कानां) दृश्यम्

## हास्यार्णव-प्रहसनम्

हास्यार्णवप्रहसनं द्व्यङ्कविशिष्टं कविना श्रीजगदीश्वरेण विरचितमस्ति। प्रस्तावनानन्तरम् अनयसिन्धुराजो नाम नृपतिः कुमतिवर्मणा मन्त्रिणा सह नगरवासिनां सुखदुःखानि ज्ञातुं बन्धुरायाः वृद्धवेश्यायाः गृहे सभाकार्यं चालयितुं प्रविशति। बन्धुरायाः पुत्रीं सुन्दरीं तरुणीं मृगाङ्कलेखां विलोक्य राजा अनयसिन्धुः तद्रूपं प्रशंसति। अनन्तरं विश्वभाण्डानामा उपाध्यायः मृगाङ्कलेखां कामशास्त्रं पाठयितुं शिष्येण कलहाङ्कुरेण सह तत्रोपस्थितः मृगाङ्कलेखारूपं प्रशंसति। अनन्तरं तत्रोपस्थितां मृगाङ्कलेखामालोक्य व्याधिसिन्धुः कामाकुलः भवति। ततः बन्धुरायाः मृगाङ्कलेखायाश्च स्वास्थ्यनिमित्तं सः उद्भटौषधिव्यवस्थां करोति। ततः परं रक्तकल्लोलनामा नापितः कस्यचित् पौरस्य नखोत्पाटनापराधेन पौरेणानायितः। तस्मिन् काले मिथ्यार्णवनामा ब्राह्मणः प्रतिवेशिगृहे परकलत्रं रजकीं रममाणस्य प्रस्तराघातेन मारितस्य कस्यचित् ब्राह्मणस्य कृते किं प्रायश्चित्तमस्तीति जिज्ञासुः प्रविशति। उत्तरप्रदाने विश्वभाण्डः कथयति–'ब्राह्मण्याः तत्पुत्रस्य च वदने अत्युत्तप्तं गोमयजलं पातनीयम्।' अनन्तरं मिथ्यार्णवस्य प्रस्थानं भवति। राज्यसुरक्षाविषये किञ्चित् सूचयितुं रणजम्बूकनामा सेनापतिरागच्छति। ततः परं महायात्रिकनामा ज्योतिर्विद् तत्रोपस्थाय राज्ञः मरणवेलां सूचयति।

द्वितीयाङ्के प्रातःकाले विश्वभाण्डः तस्य शिष्यश्च बन्धुरागृहमागच्छति। तदा मदनान्धमिश्रोऽपि स्वशिष्येण कुलालेन सह तत्रागच्छति। विश्वभाण्डः मदनान्धमिश्रश्च मिथः वञ्चयितुकामः आत्मनः वैष्णवत्वं प्रकाशयतः। बन्धुरा स्वगृहे कन्दर्पहवनं कर्तुं मदनान्धमिश्रं सूचयति। मदनान्धमिश्रः गृहमध्ये मृगाङ्कलेखया सह शृङ्गारक्रीडां सम्पादयति। ततः विश्वभाण्डः मदनान्धमिश्रश्च मृगाङ्कलेखां परिणेतुं मन्त्रणां कुरुतः। उभयोः शिष्यौ अपि वृद्धां बन्धुरां परिणेतुं निश्चितवन्तौ। अनन्तरं महानिन्दकाचार्यः विवाहकार्यं सम्पादयति।

# राष्ट्रिय-संस्कृत-संस्थानम्
# श्री सदाशिव परिसर, पुरी (ओडिशा)



द्वादश संस्कृत नाट्य महोत्सव में मञ्चित महावीरचरित (1-4 अङ्क) का एक दृश्य

## हास्यार्णव-प्रहसन

कवि श्रीजगदीश्वर विरचित हास्यार्णव प्रहसन दो अंकों वाला है। प्रस्तावना के बाद राजा अनयसिन्धुराज अपने मन्त्री कुमतिवर्मा के साथ नगरवासियों के सुख-दुःख को जानने के लिए वृद्ध वेश्या बन्धुरा के घर में सभा का सञ्चालन करने के लिए प्रवेश करते हैं। बन्धुरा की पुत्री यौवन- सम्पन्न सुन्दरी मृगांकलेखा को देखकर राजा अनयसिन्धु उसके रूप की प्रशंसा करता है। उसके बाद उपाध्याय विश्वभाण्ड मृगांकलेखा को कामशास्त्र पढ़ाने के लिये अपने शिष्य कलहांकुर के साथ उपस्थित होता है एवं वह भी मृगांकलेखा के रूप की प्रशंसा करता है। इसके पश्चात् वहाँ उपस्थित मृगांकलेखा को देखकर व्याधिसिन्धु कामाकुल होता है। फिर बन्धुरा और मृगांकलेखा के स्वास्थ्य के लिए वह उद्भट औषधी की व्यवस्था करता है। इसके बाद रक्त-कल्लोल नाई किसी नागरिक द्वारा नख उखाड़ देने के अपराध में वहाँ लाया गया। उसी समय ब्राह्मण मिथ्यार्णव प्रतिवेशी के पर में दूसरे की पत्नी धोबिन से रमण कर रहा था, जिसे पत्थर मारकर हत्या कर दिया। उस ब्राह्मण के लिए क्या प्रायश्चित है? इस आशय से जिज्ञासु प्रवेश करता है। उत्तर के रूप में विश्वभाण्ड कहता है–'ब्राह्मणी और उसके पुत्र के मुख में अत्यन्त गरम गोबर मिले जल को गिरा देना चाहिये।' उसके बाद मिथ्यार्णव चला है। राजा की सुरक्षा के विषय में कुछ बताने के लिए सेनापति रणजम्बूक आता है। उसके बाद महायान्त्रिक नाम का ज्यौतिषी वहाँ से उठकर राजा के मृत्युकाल को सूचित करता है।

द्वितीय अंक में प्रातःकाल विश्वभाण्ड और उसका शिष्य बन्धुरा के घर में आते हैं। तभी मदनान्धमिश्र भी अपने शिष्य कुलाल के साथ वहाँ आता है। विश्वभाण्ड और मदनान्धमिश्र आपस में ठगने के लिए दोनों अपने आपको वैष्णव बताते हैं। बन्धुरा अपने घर में कामदेव के लिये हवन करने के लिए मदनान्धमिश्र को सूचित करता है। मदनान्धमिश्र घर के मध्य में मृगांकलेखा के साथ शृंगारिक क्रीडा करता रहता है। उसके बाद विश्वभाण्ड और मदनान्धमिश्र मृगांकलेखा से विवाह करने के लिए मन्त्रणा करते हैं। दोनों शिष्य भी वृद्धा बन्धुरा को विवाह करने के लिए निश्चय करते हैं। उसके बाद महानिन्दकाचार्य विवाह का सम्पादन करता है।

## राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्

## जयपुरपरिसरः, जयपुरम् (राजस्थानम्)



द्वादशसंस्कृतनाट्यमहोत्सवे मञ्चितस्य बालरामायणस्य (8–10 अङ्कानां) दृश्यम्

### पलाण्डुमण्डनम्

'पलाण्डुमण्डनप्रहसनम्' श्रीहरिजीवनमिश्रेण प्रणीतम्। अत्र दाक्षिणात्यस्य लिङ्गोजीभट्टस्य द्वे पत्न्यौ स्तः– ज्येष्ठा पूर्णपोलिका, कनिष्ठा चिञ्चा च। तत्र चिञ्चायां गर्भाधानस्यावसरे लिङ्गोजीभट्टेन पलाण्डुलशुनादिभक्षणरसिकाः पलाण्डुमण्डनाद्या दाक्षिणात्या निमन्त्र्यन्ते स्वावुत्तस्य त्र्यम्बकभट्टस्य स्वभगिन्याः क्वथिकायाश्च तरुणेन पुत्रेण गृञ्जनाद्रिणा रजोयोग्यायाः पूर्णपोलिकाजाताया रक्त-मूलिकायाः पुत्र्या विवाहो निश्चीयते च। तदानीं विंशत्युत्तरशतवर्षाधिकस्य स्वभ्रातुः पलाण्डुमण्डनस्य रक्तमूलिकया विवाहं धनबलेन कारयितुमभिलषन् लशुनपन्तो लिङ्गोजीभट्टं छलेन वदति यदस्या रक्तमूलिकाया विवाहो मया सह करणीयः, यतोऽहमस्यामस्या गर्भाधानादेवानुरक्तः, तरुणस्य गृञ्जनाद्रेर्विवाहस्तया कन्यया कार्यो या गर्भाधानादनन्तरं चिञ्चायां भविष्यति। वृद्धो लशुनेन परिपुष्टो लशुनपन्तो यदा पलाण्डुलशुनोत्पत्तियोग्यं क्षेत्रं कन्यायाः शुल्करूपेण दित्सति तदा तस्य विवाहो रक्तमूलिकया निश्चीयते। अनिच्छन्त्यपि पूर्णपोलिका लशुनपन्तेन सह स्वपुत्र्या विवाहमनुमन्यते।

तदानीमेव पलाण्डुलशुनादिप्रियैः पलाण्डुमण्डनलिङ्गोजीभट्टप्रभृतिभिः दाक्षिणात्यैः प्रयुक्तानां पलाण्डुलशुनादीनां दुर्गन्धेन नासां भ्रुवं च संकोचयन्, अवलम्बमानान् मत्स्यान् करेण दधानैरुदीच्यैः शिष्यैरनुगम्यमानः, पलाण्डुलशुनादिभक्षणमशास्त्रीयं मत्स्यभक्षणं च विविधैः प्रमाणैः शास्त्रीयं साधयन् झल्लरीझाङ्कार-भेरीभाङ्कारभट्टाचार्यः प्रविशति। तस्य शास्त्रीयेण तर्केण पराभूता दाक्षिणात्याः 'एष दुष्टो भट्टाचार्यो मारणकर्म करोति, अनेनैव वेदीं परितः पलाण्डुलशुनादिपत्राणि विकीर्णानि' इति मिथ्यारोपं विधायोदीच्यं तं भट्टाचार्यं छलेन राजपुरुषेण ग्राहयन्ति। लिङ्गोजीभट्टस्ततो वदति यद् रक्तमूलिकाया विवाहस्य विषये पश्चाद् विचारयिष्यामि। अथ भरतवाक्येन प्रहसनं पूर्णं भवति। एवमिदं प्रहसनं धर्मशास्त्रेण निषिद्धं पलाण्डुलशुनादिभक्षणम् अविहितमत्स्यादिभक्षणं च कुर्वतो धार्मिकम्मन्यान् प्रति कटाक्षः।

# राष्ट्रिय-संस्कृत-संस्थानम्

# जयपुर परिसर, जयपुर (राजस्थान)



द्वादश संस्कृत नाट्य महोत्सव में मञ्चित बालरामायण (8-10 अङ्क) का एक दृश्य

## पलाण्डुमण्डन

'पलाण्डुमण्डनप्रहसन' श्रीहरिजीवनमिश्र के द्वारा प्रणीत है। इसमें दाक्षिणात्य लिङ्गोजीभट्ट की दो पत्नियाँ हैं– बड़ी पूर्णपोलिका और छोटी चिञ्चा। उनमें चिञ्चा में गर्भाधान के अवसर पर लिङ्गोजीभट्ट के द्वारा पलाण्डु तथा लशुन आदि के भक्षण में रसिक पलाण्डुमण्डन आदि दाक्षिणात्यों को निमन्त्रित किया जाता है और अपने बहनोई (बहन के पति) त्र्यम्बकभट्ट के तथा अपनी बहन क्वथिका के तरुण पुत्र गृञ्जनाद्रि के साथ पूर्णपोलिका में जन्मी पुत्री रक्तमूलिका के विवाह का निश्चय किया जाता है। उसी समय 120 वर्षों से भी अधिक आयु वाले भाई पलाण्डुमण्डन का रक्तमूलिका के साथ विवाह धन के बल से कराने की इच्छा रखता हुआ लशुनपन्त लिङ्गोजीभट्ट से 'यह धन के लोभ से बेटी का विवाह करता है या नहीं?' ऐसी परीक्षा लेने के लिए कहता है कि इस रक्तमूलिका का विवाह मुझसे करो, क्योंकि मैं इसमें तबसे अनुरक्त हूँ, जब तुमने इसका गर्भाधान किया था। उस मुझसे छोटे तरुण गृञ्जनादि का विवाह उस कन्या से करना जो गर्भाधान के बाद चिञ्चा में जन्म लेगी।

उसी समय लहसुन, प्याज आदि के प्रेमी पलाण्डुमण्डन तथा लिंगोजीभट्ट आदि दाक्षिणात्यों के द्वारा प्रयोग में लाये गए लहसुन, प्याज आदि की दुर्गन्ध से नाक तथा भौंह सिकोड़ते हुए तथा लहसुन, प्याज आदि के भक्षण को अशास्त्रीय तथा मत्स्य-भक्षण को अनेक प्रमाणों से शास्त्रीय सिद्ध करते हुए झल्लरीझाङ्कारभेरीभाङ्कारभट्टाचार्य हाथ में मछली लिये हुए उदीच्य शिष्यों के साथ प्रवेश करते हैं। उनके शास्त्रीय तर्कों से पराभूत लिंगोजीभट्ट आदि दाक्षिणात्य 'यह दुष्ट भट्टाचार्य मारणरूप आभिचारिक कर्म करता है, इसीने वेदी के चारों ओर लहसुन, प्याज आदि के पत्तों का आस्तरण किया है' ऐसा झूँठा आरोप लगा कर भट्टाचार्य को छल से राजपुरुष के हाथ में पकड़ा देते हैं। तब लिंगोजीभट्ट कहता है कि, रक्तमूलिका के विवाह के विषय में बाद में विचार किया जायेगा। इसके बाद भरतवाक्य से प्रहसन की समाप्ति होती है। इस प्रकार यह प्रहसन धर्मशास्त्र से निषिद्ध लहसुन, प्याज आदि के भक्षण और मत्स्य आदि का अविहित भक्षण करने वाले तथा अपने को धार्मिक मानने वालों के प्रति कटाक्ष है।

## राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्

# गुरुवायूर्परिसरः, गुरुवायूर् ( केरलप्रदेशः )



द्वादशसंस्कृतनाट्यमहोत्सवे मञ्चितस्य मुद्राराक्षसस्य (4-7 अङ्कानां) दृश्यम्

## मत्तविलास-प्रहसनम्

महाकविमहेन्द्रविक्रमवर्मप्रणीते मत्तविलास-प्रहसने काञ्चीपुरनगरमार्गे सत्यसोमनामा कापालिकः मद्यपानं कृत्वा देवसोमानाम्न्याः युवत्याः सौन्दर्यं प्रशंस्य तया सह विहरति। पुनः सः कापालिकधर्मप्रवर्तकस्य परमशिवस्य स्तुतिं करोति। देवसोमा जैनधर्मसिद्धान्तानुसारेण तस्य वाक्यानि खण्डयति। तदनु विनष्टं कपालमन्विष्य उभौ काञ्चीनगरे भ्रमणं कुरुतः। एतस्मिन्नन्तरे नागसेननामकशाक्यभिक्षुः स्वकीयं भिक्षापात्रं वस्त्रान्तरे गोपयित्वा प्रविशति। स तु उपासकस्य धनदासस्य मन्दिरात् सम्यग् भोजनं कृत्वा राजविहारं गच्छति। तदानीं तं कपालचोरं मत्वा सत्यसोमा गृह्णाति। कापालिकस्य प्रश्नस्य उत्तररूपेण नागसेनः वदति यत् बुद्धोपदेशानुसारेण भिक्षापात्रं निगूह्य एव गन्तव्यमिति।

नागसेनः देवसोमाम् अतिलोलुपतया अवलोकयति। देवसोमा कापालिकं वदति यत् मदिरां पीत्वा शक्तिम् अर्जयित्वा भिक्षुणा सह विवादं कर्तुं आगन्तव्यम् इति। कापालिकः मदिरा पिबति, नागसेनाय अपि मदिरां दातुं देवसोमां प्रेरयति। पुनः कापालिका बलपूर्वकं नागसेनात् भिक्षापात्रं ग्रहीतुं प्रवर्तते। किन्तु नागसेनस्य प्रहारात् पतितो भवति। तन्मिथः देवसोमा अपि पतति। नागसेनः देवसोमां हस्तं गृहीत्वा यदा उत्थापयति तदा कापालिकः उच्चैर्वदति यत् नागसेनः तस्य प्रियायाः पाणिग्रहणं करोति इति।

अस्मिन्नवसरे बभ्रुकल्पो नाम पाशुपतः प्रविशति। नागसेनः बौद्धधर्मोपदेशं करोति। पुनरपि भिक्षापात्रविषये कोलाहलः भवति। निर्णयार्थं न्यायालयं गन्तुं बभ्रुकल्पः तौ उपदिशति। अस्मिन् क्षणे कोऽपि विक्षिप्तचित्तः उन्मत्तकः स्वहस्ते कापालिकस्य कपालं स्वीकृत्य प्रविशति। एवं तद्हस्तात् कपालं कापलिकः स्वीकरोति। प्रसन्नः कापालिकः नागसेनस्य पुरतः क्षमायाचनं करोति। ततः भरतवाक्यानन्तरं प्रहसनं समाप्तिम् एति।

## राष्ट्रिय-संस्कृत-संस्थानम्

# गुरुवायूर परिसर, गुरुवायूर (केरल)



द्वादश संस्कृत नाट्य महोत्सव में मञ्चित मुद्राराक्षस (4-7 अङ्क) का एक दृश्य

## मत्तविलास-प्रहसन

कांची नगर के राजमार्ग में सत्यसोम नाम के एक कापालिक मदिरा पीकर देवसोमा नाम की युवती के साथ उसके सौन्दर्य की प्रशंसा करते हुए घूमता है। कापालिक धर्म के प्रवर्तक परमशिव की भी वह स्तुति करता है। देवसोमा जैनधर्म सिद्धान्तों द्वारा उसका खण्डन करती है। चोरी हुए अपने कपाल को ढूँढते-ढूँढते वह पूरे काँची नगर का भ्रमण करता है। उसी समय अपने भिक्षापात्र को वस्त्रों में छिपाकर नागसेन नाम के एक बौद्ध भिक्षुक का वहाँ प्रवेश होता है। वह उपासक धनदास के घर से उत्तम भोजन करने के पश्चात् राजविहार के लिए जाता है। कपाल के चोर को खोजते हुए सत्यसोम भी वहाँ पहुँचता है। कापालिक के प्रश्न करने पर नागसेन उत्तर देता है कि बुद्ध के उपदेशानुसार ही वह कपाल को गुप्त रखकर चलता है। नागसेन देवसोमा के सौंदर्य का अवलोकन करता है। देवसोमा कापालिक से मदिरा पीकर शक्ति अर्जित करने एवं बौद्ध भिक्षुक नागसेन से तर्क करने का प्रस्ताव रखती है। सत्यसोम तो नागसेन को भी मदिरा पिलाने के लिए देवसोमा से कहता है। मधुमत्त कापालिक बलपूर्वक नागसेन से भिक्षापात्र हड़पने का प्रयास करता है, किन्तु नागसेन के प्रहार से वह भूमि पर पसर जाता है। देवसोमा भी लहरी से गिर जाती है। नागसेन देवसोमा को उठाने के लिए उसका हाथ पकड़ता है। तब कापालिक चिल्लाता है कि नागसेन उसकी प्रियतमा का पाणिग्रहण कर रहा है।

तभी वहाँ बभ्रुकल्प नाम के बौद्ध भिक्षु प्रवेश करता है। नागसेन उसको बुद्ध का धर्मोपदेश सुनाता है। किन्तु उसके बाद फिर से उनके बीच कपाल को लेकर झगड़ा होता है। तब बभ्रुकल्प उनसे इस विषय पर निर्णय लेने हेतु न्यायालय जाने को कहता है। इसी समय एक पागल आदमी अपने हाथ में एक कपाल लेकर वहाँ आ पहुँचता है। चोरी हुए अपने कपाल को कापालिक उसके हाथों से अपनाता है। कापालिक प्रसन्नचित्त होता है। वह नागसेन से क्षमा माँगता है। भरतवाक्य के साथ प्रहसन की समाप्ति होती है।

# राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्

## क. जे. सोमैयासंस्कृतविद्यापीठम्, मुम्बई (महाराष्ट्रम्)



द्वादशसंस्कृतनाट्यमहोत्सवे मञ्चितस्य मालतीमाधवस्य (8–10 अङ्कानां) दृश्यम्

## विवाहविडम्बनम्

संस्कृतरूपकेषु भाणवत् प्रहसनमपि धूर्तचरित्रात्मकम्। कामुकवचोवेषसमन्वितत्वात् धूर्तजनसमन्वितत्वाच्च सङ्करं प्रहसनं प्रसिद्धम्। प्रकृते श्रीमज्जीवन्यायतीर्थभट्टाचार्यविरचितं विवाहविडम्बनं नाम सङ्करप्रहसनं भाणवदेकाङ्कं हास्यरसभूयिष्ठं विलसति।

विघ्नविघातार्थकेन मङ्गलेन अस्य प्रारम्भो भवति। नान्द्यन्ते सूत्रधारविदूषकौ प्रविश्य प्रस्तावनां विधत्तः। विवाहविडम्बनस्य इतिवृत्तस्तावद् यथा–

रतिकान्तो नाम कश्चित् प्रवयाः चन्द्रलेखाभिधां कामपि दरिद्रकन्यकां प्रभूतधनव्ययेनापि परिणेतुं प्रयतते। परिणयनार्थं तद्भृत्यो यं कमपि विवाहघटकमानीय चन्द्रलेखाजनकं धनेन वशीकर्तुं निश्चिनोति। स्वप्ने सः चन्द्रलेखां पश्यति।

वृद्धोऽपि रतिकान्तः स्वकीयं सौन्दर्यं वर्धयितुं पलितकेशानामुपढौकनार्थं वैज्ञानिकचिकित्सकं शङ्करनाथनामानं कमप्याह्वयति। रतिकान्तस्य भगिनी खड्गधरा विधवा चत्वारिंशद्वयस्का भ्रातुः व्यर्थप्रयासमपहसति। सा रतिकान्तस्य भृत्यं कङ्कनामानं क्रोधेन प्रहरति। चन्द्रलेखायाः विवाहस्तु केनचन तरुणेन साकं जातः। वीतसाफल्यो रतिकान्तो वदति–"सर्वं दुर्दैवं विजृम्भते। भो वैवाहिक! यदि सत्यं सम्बन्धगौरवं मानयसि तर्हि रक्ष मां घटकहस्तात्।" इति। चन्द्रलेखायाः पिता विधुशेखरः रतिकान्तं समाश्वासयति।

रतिकान्तधनेन विधुशेखरस्य कन्या योग्येन तरुणेन परिणीतेति शुभसूचनया प्रहसनं समाप्तिमेति।

## राष्ट्रिय-संस्कृत-संस्थानम्

## क.जे. सोमैया संस्कृत विद्यापीठ, मुम्बई (महाराष्ट्र)



द्वादश संस्कृत नाट्य महोत्सव में मञ्चित मालतीमाधव (8-10 अङ्क) का एक दृश्य

### विवाहविडम्बन

संस्कृत रूपकों में भाण की तरह प्रहसन भी धूर्त-चरित्रों से युक्त है। कामुक की वाणी वेष इत्यादि से युक्त होने से, धूर्त जनों से युक्त होने से भी सङ्कर प्रहसन प्रसिद्ध है। श्रीमान् जीवन्यायतीर्थ भट्टाचार्य द्वारा विरचित विवाहविडम्बन नामक सङ्कर प्रहसन भाण जैसा एकाङ्क एवं हास्य रस से परिपूर्ण है।

विघ्न हटाने के लिए मङ्गल के आचरण से विवाहविडम्बन नामक प्रहसन प्रारम्भ होता है। नान्दी के पश्चात् सूत्रधार एवं विदूषक प्रवेश करके प्रस्तावना करते हैं। विवाहविडम्बन का इतिवृत्त इस प्रकार है–

रतिकान्त नामक एक वृद्ध चन्द्रलेखा नामक एक दरिद्र कन्यका को बहुत धन खर्चा करके शादी करने की कोशिश करता है। शादी के लिए उसका भृत्य किसी विवाह दलाल को चन्द्रलेखा के पिता को धन से अपने वश में लाने का निर्णय लेता है। स्वप्न में रतिकान्त चन्द्रलेखा को देखता है।

वृद्ध होते भी रतिकान्त अपना सौन्दर्य बढ़ाने के लिए सफेद बालों को काले करने के लिए शङ्करनाथ नामक एक वैज्ञानिक चिकित्सक को बुलाता है। रतिकान्त की बहन खड्गधरा विधवा और चालीस की उम्र वाली भाई के व्यर्थ प्रयास की निन्दा करती है। वह रतिकान्त के नौकर कंक को गुस्से से मारती है। चन्द्रलेखा का विवाह तो किसी जवान लड़के के साथ जो जाता है। निष्फल होकर रतिकान्त बोलता है–"सब दुर्योग से होते हैं। हे वैवाहिक! अगर सच में सम्बन्ध का गौरव मानता है तो मुझे बचाओ उस दलाल के हाथ से।" चन्द्रलेखा का पिता विधुशेखर रतिकान्त को आश्वासन देता है।

रतिकान्त के धन से विधुशेखर अपने कन्या की शादी एक योग्य तरुण के साथ कर देता है, ऐसी एक शुभ सूचना से प्रहसन खत्म होता है।

# राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्

## भोपालपरिसरः, भोपालम् ( मध्यप्रदेशः )



द्वादशसंस्कृतनाट्यमहोत्सवे मञ्चितस्य मालतीमाधवस्य (4-7 अङ्कानां) दृश्यम्

## हास्यचूडामणिः

हास्यचूडामणिर्नाम प्रहसनं महाकविना वत्सराजेन विरचितं रूपकम्। वत्सराजस्य स्थितिकालः 1163-1202 खीष्टाब्दः स्वीक्रियते।

नाटकारम्भे गणिकायाः कपटकेल्याः गृहे तदीयमाभूषणं चोरितम्। सा सन्दिहते यत् इदं चौर्यं तत्पुत्र्यामासक्तो दरिद्रो द्यूतकरः कलाकरण्डकोऽकार्षीत्। सा चौर्यरहस्यं ज्ञातुं केवली-विद्याविशारदं ज्ञानराशिं निकषा जीर्णोद्यानं व्रजति। कपटकेल्याः सेवकस्य मुद्गरकस्य परिहासेन यदा स जानाति यत् स्वयं कपटकेलिश्चौर्यरहस्यं ज्ञातुमायाता वर्तते तदा स प्रतिपादयति यत् सा स्वसेवकाभ्यां कोकिलपारावताभ्यां चौरितमाभूषणं गृह्णीयात्।

प्रहसनस्य द्वितीयदृश्ये मदनोद्याने कलाकरण्डकं निग्रहीतुमागतयो गुरुशिष्ययोर्ज्ञानराशि-कौण्डिन्ययोर्दृष्टिर्निपतति तत्रोपस्थितायां मदनसुन्दर्याम्। गुरुशिष्यौ तस्यामासक्तौ भवतः। उभौ वृत्तमिदं परस्परं गोपयतः। गुरुर्ज्ञानराशिः स्वकीयं ज्वरमवतारयितुं लेखपत्रमानाय्य पत्रे "ज्वरविजयवशी-करणमन्त्रः" इत्यस्य स्थाने "मदनसुन्दरीवशीकरणमन्त्रः" इति लिखति। वशीकरणप्रभावेण कपटकेलिः ज्ञानराशिं प्रति स्वीयमनुरागातिशयं प्रदर्शयति। अत्रान्तरे कोकिलपारावतौ आयातः। तौ ज्ञानराशिं हन्तुमुद्यतौ। ज्ञानराशिः कौण्डिन्यमाह्वयति।

अन्ते कलाकरण्डकः गुरुं ज्ञानराशिं सम्मन्यमानः तं प्रणमति। एवं भरतवाक्येन प्रहसनमिदं सम्पन्नतामेति।

# राष्ट्रिय-संस्कृत-संस्थानम्
## भोपाल परिसर, भोपाल (मध्य प्रदेश)



द्वादश संस्कृत नाट्य महोत्सव में मञ्चित मालतीमाधव (4-7 अङ्क) का एक दृश्य

## हास्यचूडामणि

हास्यचूडामणि प्रहसन के रचियता महाकवि वत्सराज का समय 1163-1202 ई. माना जाता है। वत्सराज कृत हास्यचूडामणि प्रहसनविद्या का श्रेष्ठ रूपक है।

नाटक के आरम्भ में गणिका कपटकेलि के घर आभूषणों की चोरी हो जाती है, उसे सन्देह है कि यह कार्य उसकी पुत्री पर आसक्त दरिद्र जुआरी कलाकरण्डक ने किया है। ज्ञानराशि का शिष्य कौण्डिन्य यह जानता है कि ज्ञानराशि ज्ञान नहीं बल्कि ठगी के सहारे जीविकोपार्जन करता है। ज्ञानराशि वहाँ आयी कपटकेलि के नाम जाने बिना अनर्गल अनुमान के आधार पर स्वयं कपटकेलि को ही चोर बता देता है।

नाटक के दूसरे दृश्य में मदनोद्यान में कलाकरण्डक के लिए आए ज्ञानराशि और कौण्डिन्य की दृष्टि वहाँ उपस्थित मदनसुन्दरी पर पड़ती है। गुरु और शिष्य दोनों ही उस पर आसक्त हो जाते है, और यह बात दोनों एक दूसरे से छुपाए रखते है। गुरु शिष्य से अपने ज्वर को उतारने की लेखन सामग्री मंगवाकर पत्र में "ज्वरविजयवशीकरण मन्त्र" के स्थान पर "मदनसुन्दरी वशीकरण मन्त्र" लिख देता है और उस पत्र को कौण्डिन्य से चन्दन में लपेटकर लाने को कहता है। वशीकरण के प्रभाव से कपटकेलि ज्ञानराशि के गले पड़ जाती है। इतने में कोकिल और पारावत आते है, ज्ञानराशि को पीटने को उद्यत होते हैं।

अन्त में कलाकरण्डक गुरु ज्ञानराशि के आत्मसम्मान को वापस लौटाता है और सभी उनको प्रणाम कर भरतवाक्य द्वारा प्रहसन को सम्पन्न करते हैं।

# राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्
## श्रीराजीवगान्धीपरिसरः, शृङ्गेरी (कर्णाटकम्)



द्वादशसंस्कृतनाट्यमहोत्सवे मञ्चितस्य बालभारतस्य दृश्यम्

## भगवदज्जुकीयम्

शाण्डिल्यनामकः कश्चन ब्राह्मणयुवा शाक्यसंन्यासं परिगृह्णाति। तस्य गुरुः तं नानाप्रकारैः सत्सिद्धान्तं बोधयति। एवं स्थिते, कदाचित् तत्त्वचिन्तनपरौ तौ किञ्चन अरण्यं प्रविशतः।

तस्मिन्नेव समये वसन्तसेना सखीभ्यां सह प्रियस्य रामिलकस्य सङ्गमार्थं सुमधुरं गायन्ती तद्वनं प्रविशति। तेन गानेनाकृष्टः शाण्डिल्यः दूरत एव वसन्तसेनां वीक्ष्य तस्याम् आसक्तो भवति। तावता केनचित् सर्पेण दष्टा वसन्तसेना गतप्राणा भूमौ निपतति। मृतां ताम् अवलोक्य तदनुरक्तः शाण्डिल्यः अतितमां शोकसन्तप्तो भवति। तस्याः कलेवरम् उपसृत्य सुकोमलानि अङ्गानि स्पृशन् बहुधा विलपति च। सख्याः आकस्मिकेन निपतनेन सम्भ्रान्ते चेट्यौ तस्याः मातरम् आनेतुं ततो निर्गच्छतः। तावता शिष्यस्य शोकं कञ्चित् कालं निवारयामीति कृतनिश्चयो गुरुः स्वशरीरं परित्यज्य भूमिस्थितं वसन्तसेनायाः कलेवरं प्रविशति। झटिति गतनिद्रेव उत्तिष्ठति वसन्तसेना। अनेन शाण्डिल्यो मोदमनुभवति।

विषापनोदनार्थम् आगतं विषवैद्यमपि नानाशास्त्रीयैः प्रश्नैः परीक्षते। किञ्च, वसन्तसेनायाः प्राणान् नयता यमदूतेन पश्चात् ज्ञायते यत् यस्याः वसन्तसेनायाः आयुः समाप्तं सा अन्या इयम् अन्या चेति। तस्मात् तस्याः प्राणान् पुनरपि तत्तनौ स्थापयामीति प्रत्यागतः स सचेतनां वसन्तसेनां दृष्ट्वा विस्मितो भवति। ततश्च तत्रैव पतिते परिव्राजकस्य शरीरे तस्याः प्राणान् क्षिप्त्वा निर्गच्छति।

अन्ते, यमदूतः मदीयेन प्रमादेन जातम् एतद् वैपरीत्यं परिहर्तव्यम् इति निश्चित्य उभयोरपि प्राणान् स्वस्वस्थाने निवेशयति। तदा उभयोरपि स्वाभाविकः व्यवहारः पुनरायातो भवति। एवं प्रहसनमिदं सुखान्तं भवति।

# राष्ट्रिय-संस्कृत-संस्थानम्
## श्री राजीव गान्धी परिसर, शृङ्गेरी (कर्णाटक)



द्वादश संस्कृत नाट्य महोत्सव में मञ्चित बालभारत का एक दृश्य

## भगवदज्जुकीय

शाण्डिल्य नामक कोई युवा ब्राह्मण शाक्य नामक संन्यास ले लेता है। उसके गुरु ने उसे अनेक प्रकार से सत्य सिद्धान्तों का उपदेश किया।इस प्रकार एक दिन दोनों तत्त्व के विषय में चिन्तन करते हुए जंगल में जाते हैं।

उसी समय अपनी सखियों के साथ वसन्तसेना भी अपने प्रेमी रामिलक से मिलने की इच्छा से सुमधुर गाती हुई जंगल में प्रविष्ट होती है। उसके गान से आकृष्ट होकर शाण्डिल्य दूर से ही वसन्तसेना को देखकर उस पर आसक्त हो जाता है। इतने में ही किसी सर्प के डस लेने से वसन्तसेना के प्राण पखेरू उड़ जाते हैं।

उसको मरी हुई देखकर शाण्डिल्य बनावटी शोक करता है। वह उसके पास जाकर उसके सुकोमल अंगों को सहलाता हुआ अनेक प्रकार से विलाप करता है। अपने शिष्य के दु:ख को दूर करने के उद्देश्य से शाण्डिल्य के गुरु अपना शरीर त्यागकर वसन्तसेना के शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। तभी अचानक सोई हुयी सी वसन्तसेना उठ जाती है। इससे शाण्डिल्य बहुत प्रसन्न हो जाता है। परन्तु वसन्तसेना के शरीर में परिव्राजक का प्रवेश हो जाने से वह भी परिव्राजकों जैसा ही व्यवहार करने लगती है। विष चिकित्सा के लिए आये हुए वैद्य को भी बहुत सारे शास्त्रीय प्रश्न पूछती है।

वसन्तसेना के प्राण ले जाते हुये यमदूतों को बाद में पता चलता है कि जिस वसन्तसेना की आयु समाप्त हुई है वह दूसरी है। इसलिये इसके प्राण पुन: उसके शरीर में डालने के लिये आया हुआ यमदूत जीवित वसन्तसेना को देखकर चकित हो जाता है तथा वहीं गिरे हुये परिव्राजक के शरीर में उसके प्राणों को डालकर चला जाता है। अन्त में यमदूत अपने प्रमाद से बनी इस विपरीतता को हटाने के लिये दोनों के प्राण अपने अपने शरीरों में डालता है। जिससे दोनों ही अपने पहले के स्वभाव में आ जाते हैं।

## राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानेन प्राक्तनवर्षेषु समायोजितेषु नाट्यमहोत्सवेषु मञ्चितानां संस्कृतनाटकानां सान्द्रमुद्रिकाः

* नाट्यविंशतिका (DVD Album) (A set of 20 DVDs) 720/-
* अभिज्ञानशाकुन्तलम् (DVD Album) (A set of 7 DVDs) 300/-
* भासनाटकचक्रम् (DVD Album) (A set of 7 DVDs) 300/-

सम्पर्कसूत्रम् : rskssle@yahoo.co.in, Ph. - 011-28524993 Extn. 214

## मुक्तस्वाध्यायपीठम्

(Institute of Distance Education)

### कार्यक्रमाः

| क्र.सं. | पाठ्यक्रमाः/कक्षाः | विषयः | अवधिः | योग्यताः |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्राक्शास्त्री ( + 2 ) | (व्याकरणम्/ साहित्यम्/ज्यौतिषम्) | वर्षद्वयम् | ससंस्कृतं दशमकक्षोत्तीर्णता तत्समकक्षोत्तीर्णता वा |
| 2. | प्राक्शास्त्रिसेतुः ( संस्कृतावतरणी ) | (सामान्यः) | 6 मासाः | दशमकक्षोत्तीर्णता |
| 3. | शास्त्री ( बी.ए. ) | (व्याकरणम्/ साहित्यम्/ज्यौतिषम्) | वर्षत्रयम् | प्राक्शास्त्री/तत्समकक्षोत्तीर्णता |
| 4. | शास्त्रिसेतुः ( संस्कृतावगाहनी ) | व्याकरणम्/ साहित्यम्/ ज्यौतिषम् | एकवर्षम् | विना संस्कृतं द्वादशकक्षोत्तीर्णता |
| 5. | आचार्यः ( एम्.ए. ) | व्याकरणम्/ साहित्यम्/ ज्यौतिषम् | वर्षद्वयम् | स्नातककक्षोत्तीर्णता तत्समकक्षोत्तीर्णता वा |
| 6. | आचार्यसेतुः ( शास्त्रावगाहनी ) | व्याकरणम् साहित्यम् ज्यौतिषम् | एकवर्षम् | त्रिवर्षीयस्नातककक्षोत्तीर्णता तत्समकक्षोत्तीर्णता वा, संस्कृतस्य/ व्याकरणस्य सामान्यज्ञानं च |

सम्पर्कसूत्रम् : mspeetham@gmail.com, Ph. - 011-28523611

# राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के विभिन्न परिसर





# राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्

( भारतशासन-मानवसंसाधनविकासमन्त्रालयाधीनः,
राष्ट्रियमूल्याङ्कन-प्रत्यायनपरिषदा 'ए'-श्रेण्या प्रत्यायितः मानितविश्वविद्यालयः )
56-57, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी, नवदेहली-110058

website : www.sanskrit.nic.in
email : rsks@nda.vsnl.net.in

Printed by : **D.V. Printers** M:9990279798, 9818279798